REET 2025
LEVEL-1&2
वंदन बैच
संस्कृत
प्रत्यय
Part -2
LIVE
06-02-2025 03:00 PM

REET 2025 L-1&2 संस्कृत वंदन बैच

विशेषण/वाच्य

REET : L-1 L-2

प्रैक्टिस सेट - (1) 8.2

2:18

CTET one shot

1 PM

"ल्यप् प्रत्यय"

ल्यप् प्रत्यय में 'य' शेष रहता है। इसका प्रयोग कर / करके अर्थ में होता है। ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग उपसर्ग से युक्त धातु में होता है। इससे बना शब्द अव्यय होता है।

चुरादिगण तथा णिजन्त धातुओं में धातु और प्रत्यय के बीच णिच् प्रत्यय लगाया जाता है, जिसका इ शेष रहता है। इ को गुण तथा अयादि आदेश होता है।

सूत्र :

समासेऽनञ् पूर्वे क्त्वो ल्यप् :

जिस समास में उपसर्ग/अव्यय पूर्व में हो उससे क्त्वा को ल्यप् आदेश होता है। लेकिन नञ् समास में नहीं होता है।

- क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग नञ् समास में होता है। जैसे- अकृत्वा, अगत्वा

(1) नियम : आ, ई, ऊकारान्त इन धातुओं में सीधे ल्यप् प्रत्यय जुड़ जाता है। अर्थात् 'य' जुड़ जाता है।

आ + दा + ल्यप् आदाय

वि + हा + ल्यप् = विहाय

आ + नी + ल्यप् = आनीय

वि + नी + ल्यप् = विनीय

अनु + भू + ल्यप् = अनुभूय

वि + धा + ल्यप् = विधाय

नि + पा + ल्यप् = ~~निपीय~~ निपाय

उत् + स्था + ल्यप् = उत्थाय

प्र + सू + ल्यप् = प्रसूय

सम् + भू + ल्यप् = सम्भूय

वि + क्री + ल्यप् = विक्रीय

आ + घ्रा + ल्यप् = आघ्राय

वि + ज्ञा + ल्यप् = विज्ञाय

प्र + स्ना + ल्यप् = प्रस्नाय

अनु + मा + ल्यप् = अनुमाय

परि + त्रै + ल्यप् = परित्राय

अभि + नी + ल्यप् = अभिनीय

वि + ली + ल्यप् = विलीय

(2) नियम : ल्यप् प्रत्यय से पहले यदि ह्रस्व वर्ण हो तो तुक् का आगम होता है।

वि + जि + ल्यप् = विजित्य (तुक् का आगम)

प्र + हृ + ल्यप् = प्रहृत्य (तुक् का आगम)

अधि + इ + ल्यप् = अधीत्य (तुक् का आगम) अनु + कृ + ल्यप् अनुकृत्य (तुक् का आगम)

वि + स्मृ + ल्यप् = विस्मृत्य

परि + धृ + ल्यप् = परिधृत्य

सम् + स्तु + ल्यप् = संस्तुत्य

निस् + चि + ल्यप् = निश्चित्य

प्र + इ + ल्यप् = प्रेत्य (भर करके)

सम् + कृ + ल्यप् = संस्कृत्य

उत् + प्लु + ल्यप् = उत्प्लुत्य

सम् + चिन्त् + ल्यप् = संचिन्त्य

प्रति + श्रु + ल्यप् = प्रतिश्रुत्य

अधि + कृ + ल्यप् = अधिकृत्य

अनु + सृ + ल्यप् = अनुसृत्य

अव + तृ + ल्यप् अवतीर्य

वि + कृ + ल्यप् = विकीर्य

(3) नियम : जिस धातु के अन्त में 'म्' और 'न्' हो तो इनका लोप विकल्प से होता है और बीच में 'त्' जुड़ जाता है।

आ + गम् + ल्यप् = आगत्य, आगम्य

नि + हन् + ल्यप् = निहत्य

अव + मन् + ल्यप् = अवमत्य

नि + यम् + ल्यप् = नियत्य:, नियम्य

प्र + नम् + ल्यप् = प्रणत्य, प्रणम्य

प्र + जन् + ल्यप् = = प्रजन्य

नि + खन् + ल्यप् = निखत्य

वि + तन् + ल्यप् = वितत्य, वितन्य

(4) नियम: जिस धातु के शुरू में व हो तो इसके स्थान पर उ का आदेश हो जाता है इसी तरह र् = ऋ आदेश होता है।

अनु + वद् + ल्यप् -	अनु + उद् + य = अनूदय
	उ + ऊ = ऊ (दीर्घ संधि)
अधि + वस् + ल्यप् -	अधि + उस् + य
	इ + उ = य् = अध्युष्य
प्र + वच् + ल्यप् =	प्र + उच् + य
	अ + उ = ओ = प्रोच्य
प्र + वस् + ल्यप् -	प्र + उस् + य
	अ + उ = ओ = प्रोष्य
सम् + प्रच्छ् + ल्यप् -	र = ऋ = संपृच्छ्य
सम् + गृह् + ल्यप् -	सम् + गृह्य = संगृह्य
सम् + वस् + ल्यप् -	सम् + उष् + य = समुष्य

(5) नियम : ल्यप् प्रत्यय लगने पर क्षि (नष्ट होना), दिव् यहाँ इ के स्थान पर दीर्घ ई आदेश होता है।

प्र + दिव् + ल्यप् = प्रदीव्य

प्र + क्षि + ल्यप् = प्रक्षीय

(6) नियम : जागृ धातु में ऋ के स्थान पर गुण अर् का आदेश होता है।

प्र + जागृ + ल्यप्

प्र + जाग् + अर् य प्रजागर्य

(7) नियम : णिजन्त और चुरादि गण धातुओं की उपधा में यदि ह्रस्व स्वर हो, तो ल्यप् से पहले अय् रहता है। नहीं, तो अय् का लोप हो जाता है।

वि + गण् + ल्यप् - वि + गण् + अय् य विगणय्य

प्र + नम् + ल्यप् = प्रणमय्य

वि + रच् + ल्यप् = विरचय्य

प्र + बुध् + ल्यप् = प्रबोध्य

अधि + शी + ल्यप् = अधिशय्य

प्र + कथ् + ल्यप् = प्रकथय्य

प्र + चुर् + ल्यप् = प्रचोर्य

प्र + आप् + ल्यप् = प्राप्य

(8) नियम : निम्न धातुओं में बिना परिवर्तन किये 'य' जुड़ जाता है।

प्र + पठ् + ल्यप् = प्रपठ्य

अव + लोक् + ल्यप् = अवलोक्य

वि + नश् + ल्यप् = विनश्य

सम् + पच् + ल्यप् = संपच्य

सम् + भक्षु + ल्यप् = संभक्ष्य

सम् + रक्ष + ल्यप् = संरक्ष्य

नि + क्षिप् + ल्यप् = निक्षिप्य

आ + छद् + ल्यप् = आच्छाद्य

नि + पत् + ल्यप् = निपत्य

वि + हस् + ल्यप् = विहस्य

प्र + विश् + ल्यप् = प्रविश्य

नि + विद् + ल्यप् = निवेद्य

नि + सेव + ल्यप् = निषेव्य

वि + रच् = विरच्य

वि + लिख् + ल्यप् = विलिख्य

सम् + दृश् + ल्यप् = संदृश्य

उप + लभ् + ल्यप् = उपलभ्य

नि + शम् + ल्यप् = निशम्य

वि + सृज् + ल्यप् = विसृज्य

* सम् + स्पृश् + ल्यप् = संस्पृश्य

वि + छिद् + ल्यप् = विच्छिद्य

वि + श्वस् + ल्यप् = विश्वस्य

आ + रुह् + ल्यप् = आरुह्य

आ + - श्रि + ल्यप् = आश्रित्य

सम् + भाष् + ल्यप् = संभाष्य

सम् + पाल् = संपाल्य

नि + बन्ध् + ल्यप् = निबध्य

(13) तव्यत्

सूत्र :

तव्यत्तव्यानीयर :

धातु से तव्यत्, तव्य और अनीयर प्रत्यय होता है। अतः यह स्वरित होता है।

- तव्यत् प्रत्यय की स्वरित संज्ञा होती है। तव्यत् में तव्य शेष रहता है।
- तव्यत् प्रत्यय का प्रयोग कर्मवाच्य और भाववाच्य में होता है।
- तव्यत् प्रत्यय के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं। राम, रमा, फल

(1) नियम : आकारान्त धातु में सीधे तव्य जुड़ता है।

दा + तव्यत् = दातव्यः

पा + तव्यत् पातव्यः

स्ना + तव्यत् = स्नातव्यः

घ्रा + तव्यत् + घ्रातव्यः

स्था + तव्यत् = स्थातव्यः

ज्ञा + तव्यत् ज्ञातव्यः

(2) नियम : जिस धातु के अन्त में इ, उ, ऋ हो तो इसके स्थान पर गुण आदेश हो जाता है।

नी + तव्यत् = नेतव्य:

जि + तव्यत् = जेतव्य:

श्रु + तव्यत् = श्रोतव्य: मात्र

हृ + तव्यत् = हर्तव्य:

कृ + तव्यत् = कर्तव्य:

चि + तव्यत् = चेतव्य:

क्री + तव्यत् = क्रेतव्य:

स्मृ + तव्यत् = स्मर्तव्य:

शीङ्+तव्यत् = शयितव्य:

भू + तव्यत् = भवितव्य:

3) नियम : जिस आदि धातुओं के अन्त में म् हो, तो उसके स्थान पर न् हो जाता है।

गम् + तव्यत् = गन्तव्य:

हन् + तव्यत् = हन्तव्य:

नम् + तव्यत् = नन्तव्य:

(4) नियम : कथ् आदि धातुओं धातु में 'य' से पहले इ की मात्रा लग जाती है।

कथ् + तव्यत् = कथयितव्य:

चुर् + तव्यत् = चोरयितव्य:

क्षल् + तव्यत् = क्षालयितव्य:

पूज् + तव्यत् = पूजयितव्य:

भक्ष + तव्यत् = भक्षयितव्य:

(5) नियम : यदि उपधा में इ और उ हो, तो गुण का आदेश होता है तथा बीच में इट् का आगम हो जाता है।

लिख् + इट् + तव्यत् = लेखितव्य:

मुद् + इट् + तव्यत् = मोदितव्य:

वृत् + तव्यत् = वर्तितव्य:

बुध् + तव्यत् = बोधितव्य:

भिद् + तव्यत् = भेत्तव्य: (फाड़ने योग्य)

भी + तव्यत् = भेतव्य: (डराने योग्य)

नृत् + इट् + तव्यत् = नर्तितव्यः

वृध् + तव्यत् = वर्धितव्यः

कुप् + तव्यत् = कोपितव्यः

छिद् + तव्यत् = छेत्तव्यः

6) नियम : यदि उपधा में ऋ हो, तो इसके स्थान पर र् का आदेश होता है। दृ

श् + तव्यत् = दृष् + तव्यत् = ष्टुना ष्टु से त् का ट = द्रष्टव्य

प्रच्छ् + तव्यत् = प्रष्टव्य

मृज् + तव्यत् = मार्टव्य (साफ करना)

सृज् + तव्यत् = स्रष्टव्य

स्पृश्+ तव्यत् = स्प्रष्टव्य

(7) नियम : निम्न धातुओं के बीच में इट् का आगम होता है।

पठ् + तव्यत् = पठितव्यः

अर्ज तव्यत् अर्जितव्यः

सह् + तव्यत् = सोढव्यः ✓

चल् + तव्यत् = चलितव्यः

याच् + तव्यत् = याचितव्यः

चर् + तव्यत् = चरितव्यः

भाष् + तव्यत् = भाषितव्य:

रक्ष् + तव्यत् = रक्षितव्य:

वद् + तव्यत् = वदितव्य:

एध् + तव्यत् = एधितव्य:

इष् + तव्यत् = एषितव्य:

धाव् + तव्यत् = धावितव्य:

पत् + तव्यत् = पतितव्य:

ग्रह + तव्यत् = ग्रहीतव्य:

भुज् + तव्यत् = भोक्तव्य:

अद् + तव्यत् = अन्तव्य:

पच् + • तव्यत् = पक्तव्य:

वच् + तव्यत् = वक्तव्य:

वस् + तव्यत् = वस्तव्य:

गुह् + तव्यत् = गोढव्य:

भ्रस्ज् + तव्यत् = भर्स्टव्यः

लभ् + तव्यत् = लब्धव्यः

वस् + तव्यत् = वस्तव्यः

(14) अनीयर् प्रत्यय

- अनीयर् प्रत्यय में र् की इत्संज्ञा और लोप होकर 'अनीय' शेष रहता है।
- चाहिए/योग्य अर्थ में कर्मवाच्य और भाववाच्य में प्रयोग होता है।
- आकारान्त धातुओं में अनीय जुड़ता है और यहाँ दीर्घ संधि होती है।

दा + अनीयर् = दानीय

पा + अनीयर् = पानीय

घ्रा + अनीयर् = घ्राणीय

आ + अ = आ

स्ना + अनीयर् = स्नानीय

स्था + अनीयर् = स्थानीय

नियम : इकारान्त और उकारान्त धातुओं में गुण आदेश होता है और अयादि आदेश होता है।

श्रु + अनीयर् - उ = ओ = अव् = श्रवनीय

जि + अनीयर् = जयनीय

भू + अनीयर् = भवनीय

शी + अनीयर् = शयनीय

नी + अनीयर् = नयनीय

श्रु + अनीयर्

जि + अनीयर्

चिं + अनीयर्

चयनी

REET 2025 L-1&2 संस्कृत वंदन बैच

नियम : ऋकारान्त धातुओं में ऋ के स्थान पर अर् आदेश होता है।

कृ + अनीयर् = करणीय

हृ + अनीयर् = हरणीय

स्मृ + अनीयर् = स्मरणीय

धृ + अनीयर् = धरणीय

क्री + अनीयर् = क्रयणीय

तृ + अनीयर् = तरणीय

• नियम : यदि उपधा में इ, उ और ऋ हो तो इनके स्थान पर गुण होता है।

लिख् + अनीयर् = लेखनीय

नृत् + अनीयर् = नर्तनीय

वृत् + अनीयर् = वर्तनीय

वृध् + अनीयर् = वर्धनीय

चुर् + अनीयर् = चोरणीय

प्रच्छ् + अनीयर् = प्रच्छनीय

क्रुध् + अनीयर् = क्रोधनीय

दुह् + अनीयर् = दोहनीय

रुध् + अनीयर् = रोधनीय

कुप् + अनीयर् कोपनीय

इष् + अनीयर् = एषणीय

कृष् + अनीयर् = कर्षणीय

नियम : इन धातुओं में सीधे अनीयर् जुड़ता है।

पठ् + अनीयर् = पठनीय

नम् + अनीयर् = नमनीय

हन् + अनीयर् = हननीय

पूज् + अनीयर् = पूजनीय

चिन्त् + अनीयर् = चिन्तनीय

पत् + अनीयर् = पतनीय

भाष् + अनीयर् = भाषणीय

रच् + अनीयर् = रचनीय

भक्ष् + अनीयर् = भक्षणीय

त्यज् + अनीयर् = त्यजनीय

याच् + अनीयर् = याचनीय

गम् + अनीयर् = गमनीय

चल् + अनीयर् = चलनीय

अर्ज + अनीयर् = अर्जनीय

गण् + अनीयर् = गणनीय

पाल् + अनीयर् = पालनीय

रक्ष + अनीयर् = रक्षणीय

वद् + अनीयर् = वदनीय

नि+विद् + अनीयर् = निवेदनीय

क्षल् + अनीयर् = क्षालनीय

सेव + अनीयर् = सेवनीय

(15) यत् प्रत्यय

- यत् प्रत्यय में 'य' शेष होता है योग्य या चाहिए अर्थ में प्रयोग होता है।
- इस प्रत्यय का प्रयोग भाववाच्य और कर्मवाच्य में प्रयोग होता है। इसका रूप तीनों लिंगों में चलता है। चीरशिया

अचो यत् : जिस धातु के अन्त में स्वर वर्ण हो उस धातु से भाव और कर्म में यत् प्रत्यय होता है।

यहाँ धातु के स्वर के स्थान पर गुण आदेश होता है।

चि + यत् = चेयः   चेया   चेयम्

नी + यत् = नेयम् नेया नेयम्

जि + यत् = जेयम् जेया जेयम्

भी + यत् = भेयम्भेया भेयम्

श्रु + यत् = श्रव्यम् (अयादि संधि)

ईद्यति : आकारान्त धातु से यत् होने पर आ के स्थान पर ई का आदेश होता है और ई के स्थान पर गुण का आदेश होता है।

दा + यत् = देयम्   पा + यत् = पेयम्

ज्ञा + यत् = ज्ञेयम्   स्था + यत् = स्थेयम्

इ - ए
उ = ओ
ऋ = अर्

REET 2025 L-1&2 | संस्कृत | वंदन बैच

• नियम : ए, ऐ ओ, औ जिस धातु के अन्त में हों तो वहाँ इनके स्थान पर आ का आदेश हो जाता है। आ के स्थान पर इ, ई के स्थान पर ए हो जाता है। अर्थात् इनके स्थान पर ए का आदेश होता है।

गै + यत् = गेयम् ध्यै + यत् = ध्येयम्

भू + यत = भव्यम् गम् + यत् = गम्यम्

सह् + यत् = सह्यम्

REET 2025 L-1&2 संस्कृत वंदन बैच

मृजेर्विभाषा : मृज् (साफ करना) धातु से यत् प्रत्यय विकल्प से होता है।

मृज् + यत् मृज्यः

• पोरदुपधात् : पोः + अत् + उपधात्

• जिस धातु की उपधा में अ हो और अन्त में प वर्ग हो, तो उससे यत् प्रत्यय होता है।

शप् + यत्. = शप्यम् लभ् + यत् = लभ्यम्

लप् + यत् = लप्यम् जप् + यत् = जप्यम्

शक् + यत् = शक्यम् क्लृप् + यत्= कल्प्यम्

• उप + लभ् धातु के बीच में न् का आगम होता है। यदि प्रशंसा अर्थ हो।

उप + लभ्+ यत् = उपलभ्य = उपलभ्य

• यदि प्रशंसा करने योग्य नहीं होगा तो सीधे यत् प्रत्यय होगा।

उपलभ्य

- यदि उपसर्ग नहीं लगे हों, तो गद्, भद्, चर्, यम् धातुओं से यत् प्रत्यय होता है।

गद्यत् = गद्य (गद्य)

मद्यत् = मद्य (मद्य)

चर् + यत् = चर्यः

यम् + यत् = यम्यः

यदि गुरु और आचार्य अर्थ न हो तो आ चर् + यत् प्रत्यय होता है। आचार्यः (विचरण करने योग्य)

हन् + यत् = वध्यः

शंस् + यत् = शंस्यः

दुह् + यत् = दुह्यः

गुह् + यत् = गुह्यः

रह + यत् = रह्यः

ऋ + यत् = अर्यः

रुच् + यत् = रुच्यम्

यत् + यत् = यत्यम्

जन् + यत् = जन्यः

राजश्वशुराद् यत् :

अपत्य अर्थ में राजन् और श्वशुर शब्दों के साथ यत् प्रत्यय होता है।

राजन् + यत्- राजन् + य = राजन्यः

श्वशुर + यत् - श्वसुर् + य = श्वशुर्यः

विशेष- "राज्ञो जातावेव इति वाच्यम्" वार्तिक से जाति अर्थ में राजन् के साथ यत् प्रत्यय भी लगाया जाता है।

• द्यु प्राग् अपाम् उदक् प्रतीचो यत् :

भावादि अर्थ में सप्तम्यन्त दिव् प्राग् अपत्य्, उदच् और प्रतीच् शब्दों के साथ यत् प्रत्यय भी लगाया जाता है।

दिव् + यत् - दिव् + य = दिव्यम्

प्राच् + यत् = प्राच्यम्

अपाच् + यत् = अपाच्यम्

उदीच् + यत् = उदीच्यम्

प्रतीच् + यत् = प्रतीच्यम्

दिगादिभ्यो यत् :

होना अर्थ में सप्तम्यन्त दिश् आदि शब्दों के साथ यत् प्रत्यय होता है।

वर्ग + यत् = वर्ग्यम्

दिश् + यत् = दिश्यम्

शरीरऽवयवात् च :

होना अर्थ में सप्तम्यन्त शरीर के वाचक शब्दों के साथ यत् प्रत्यय होता है।

दन्त + यत् = दन्त्यम्

कण्ठ + यत् = कण्ठ्यम्

• गो पयसोः यत् :

अवयव और विकार अर्थ में गो और पयस् शब्दों के साथ यत् प्रत्यय होता है। गो + यत्
- गव् + य = गव्यम्

पयस् + यत् - पयस् + य = पयस्यम्

• तद वहति रथ युग प्रासंगम् :

वहन्कर्ता अर्थ में रथ, युग और प्रासंग शब्दों के साथ यत् प्रत्यय होता है।

रथ + यत् - रथ् + य = रथ्य:

युग + यत् - युग् + य = युग्य:

प्रासंग + यत् - प्रासंग् + य = प्रासंग्य:

(10) ण्यत् प्रत्यय

• ण्यत् प्रत्यय में 'चुटू' से ण् की इतसंज्ञा होती है। त् की 'हलत्यम्' सूत्र से होती है और 'य' शेष बचता है।

ण्यत् प्रत्यय का प्रयोग कर्मवाच्य और भाववाच्य में होता है।

• इसके रूप तीनों लिगों में राम, रमा, फल के समान चलते हैं।

• चाहिए' या योग्य अर्थ में ऋवर्णान्त और हलन्त धातुओं के साथ ण्यत् प्रत्यय लगाया जाता है।

REET 2025 L-1&2 संस्कृत वंदन बैच

• ण्यत् प्रत्यय लगाने पर धातु के अन्तिम चवर्ग के स्थान पर क्रमशः क वर्ग का आदेश होता है परन्तु ऋच्, रुच्, याच्, प्रवच्, यज् तथा त्यज् धातुओं के च वर्ग के स्थान पर क वर्ग का आदेश नहीं होता है।

• ण्यत् प्रत्यय लगाने पर धातु के अन्तिम स्वर को वृद्धि आदेश होता है तथा वृद्धि आदेश होने के बाद अयादि आदेश होता है।

• ण्यत् प्रत्यय लगाने पर धातु की उपधा को गुणादेश होता है।

• ण्यंत् प्रत्यय लागने पर धातु की उपधा के स्थान पर आ वृद्धि का आदेश होता है।

अ = आ
इ, ए = ऐ
उ, ओ = औ
ऋ = आर्

(1) ऋहलोर्ण्यत् : ऋकारान्त धातु से और हलन्त धातु से ण्यत् प्रत्यय होता है।

- यहाँ ऋ के स्थान पर आर् वृद्धि आदेश होता है।

कृ + ण्यत्

क् + आर् + य = कार्यम्

धृ + ण्यत् = धार्यम्

हृ + ण्यत् = हार्यम्

भृ + ण्यत् = भार्यम्

स्मृ + ण्यत् = स्मार्यम्

मृज् + ण्यत् = मार्ज्यम्

ऋ = आर्

वृष् + ण्यत् = वर्ष्यम्

ग्रह + ण्यत् = ग्राह्यम्

पठ् + ण्यत् = पाठ्यम्

पच् + ण्यत् = पाच्यम् (पाक्यम्)

वस् + ण्यत् = वास्यम्

(2) नियम : यज्, याच्, रुच्, ऋच्, प्र + वच्, त्यज् इन धातुओं से ण्यत् प्रत्यय लगने पर च वर्ग का त वर्ग नहीं होता है। अर्थात् सीधे ण्यत् प्रत्यय जुड़ता है।

यज् + ण्यत् = याज्यम्

याच् + ण्यत् = याच्यम्

ऋच् + ण्यत् = अर्घ्यम्

रुच् + ण्यत् = रोच्यम्

शंस् + ण्यत् = शंस्यम्

गुह् + ण्यत् = गोह्यम्

दम् + ण्यत् = दाम्यम्

परि+चि+ण्यत् = परिचाय्यम्

हन् + ण्यत् = हत्यम्

भुज् + ण्यत् = भोज्यम्

लू + ण्यत् = लाव्यम्

त्यज् + ण्यत् = त्याज्यम्

प्र + वच् + ण्यत् = प्रवाच्यम्

वप् + ण्यत् = वाप्यम्

लप् + ण्यत् = लाप्यम्

दुह् + ण्यत् = दोह्यम्

युज् + ण्यत् = योज्यम्गा

अमा + वस् + ण्यत् =अमावस्यम् (अमावस्या)

यु + ण्यत् = याव्यम्

श्रु + ण्यत् = श्राव्यम्

(9) क्यप् प्रत्यय

- इसमें 'य' शेष रहता है। क्यप् प्रत्यय का प्रयोग चाहिए / योग्य अर्थ में किया जाता है।
- भाववाच्य, कर्मवाच्य में प्रयोग किया जाता है।
- तीनों लिंगों में इसके रूप चलते हैं।
- एतिस्तुशास्वृदृजुषः क्यप् इण्, स्तु, शास्, वृ, दृ, जुष् इन धातुओं से क्यप् प्रत्यय होता है।

ह्रस्वस्य पितिकृति तुक् : इस सूत्र से ह्रस्व वर्ण के बाद में तुक् (त्) का आगम होता है।

इण् + क्यप्

इ + त् + य = इत्यः

स्तु + क्यप् = स्तुत्यः

शास् + क्यप् = शिष्यः

वृ + क्यप् = वृत्यः

जुष् + क्यप् = जुष्यः

आ + दृ + क्यप् = आदृत्यः

• **शासइदङ्कलो:** शास् धातु की उपधा के स्थान पर इत् आदेश होता है यदि बाद में अतथा हलादि कित् या डित् प्रत्यय हो।

शास् + क्यप् = कित् प्रत्यय

इस सूत्र से शा के आ के स्थान पर ई होता है।

-आ इ स्का ष् करने पर शिष् + य = शिष्य

• क्लृप् और वृत् इन धातुओं को छोड़कर ऋ उपधा वाली धातुओं से भी क्यप् प्रत्यय होता है।

वृत् + क्यप् = वृत्यम्   वृध् + क्यप् वृध्यम्

• मृज्, भृ, कृ, वृष् धातुओं से विकल्प से क्यप् प्रत्यय होता है।

मृज् + क्यप् = मृज्यः

भृ + क्यप् = भृत्यः (तुकागम)

(16) तुमुन् प्रत्यय

• तुमुन् प्रत्यय का 'तुम्' शेष होता है। इसका प्रयोग को 'के लिए' अर्थ में होता है। • तुमुन् प्रत्ययान्त से बने शब्द अव्यय होते हैं। इसलिए इनके रूप नहीं चलते हैं।

• तुमुन् प्रत्ययान्त क्रिया तथा उसके साथ में आने वाली क्रिया का कर्ता एक ही होना चाहिए भिन्न कर्ता होने पर तुमुन् प्रत्यय नहीं होता है। जैसे- कृष्णः कंसं हन्तुं याति।

सूत्र :

तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम् :

क्रियार्थक क्रिया के उपपद होने पर भविष्यत् अर्थ में धातु से तुमुन् और ण्वुल् प्रत्यय होते हैं। जिसके लिए दूसरी क्रिया की जाती है, वह क्रियार्थ क्रिया कहलाती है। यहाँ यद्यपि दो क्रियाएँ होती हैं लेकिन कर्ता एक ही होता है। कृष्णम् दुष्टुं याति।

यहाँ दर्शन और गमन दो क्रियाएँ हैं दर्शन के लिए दूसरी क्रिया की जा रही है अतः दृश् धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है।

कालसमय वेलासु तुमुन्

काल समय तथा वेला (तीनों पर्यायवाची) उपपद रहने पर धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है।

• नियम : आकारान्त धातुओं में सीधे तुम् जुड़ता है।

दा + तुमुन् - दा + तुम् = दातुम् पा तुमुन् पातुम्

स्था + तुमुन् = स्थातुम् घ्रा तुमुन् घ्रातुम्

गै (गा) + तुमुन् गातुम् ध्यै (ध्या) + तुमुन् = ध्यातुम्

नियम : इकारान्त, उकारान्त, ऋकारान्त धातुओं के स्थान में गुण आदेश होता है अर्थात् इ = ए, उ =ओ, ऋ अर्थ

जि + तुमुन् = जेतुम्

श्रु + तुमुन् = श्रोतुम्

चि + तुमुन् = चेतुम्

नी + तुमुन् = नेतुम्

कृ+ तुमुन् कर्तुम् ए =

इ - ए

उ - ओ

ऋ = अर्

क्री + तुमुन् = क्रेतुम्

स्तु + तुमुन् = स्तोतुम्

हृ+हृ+अर् + तुमुन् = हर्तुम्

मृ + तुमुन् = मर्तुम्

अधि+इ+ तुमुन् = अध्येतुम्

धू + तुमुन् = धोतुम्

भू + तुमुन् = भवितुम्

स्मृ + तुमुन् = स्मर्तुम्

इ + तुमुन् = एतुम्

शी + तुमुन्-शयितुम् (इट् का आगम)

धृ + तुमुन् = धर्तुम्

नियम : जिस धातु के अन्त में म् हो तो उसका न् आदेश हो जाता है।

गम् + तुमुन् = गन्तुम्

नम् + तुमुन् = नन्तुम्

हन् + तुमुन् = हन्तुम्।

रम् + तुमुन् = रन्तुम्

नियम : कथ् धातुओं में 'य' से पहले इ की मात्रा लगती है।

कथ् + तुमुन् = कथयितुम्

पूज् + तुमुन् = पूजयितुम्

चिन्त् + तुमुन् = चिन्तयितुम्

रच् + तुमुन् = रचयितुम्

पाल् + तुमुन् = पालयितुम्

भक्ष् + तुमुन् भक्षयितुम्

गण् + तुमुन् = गणयितुम्

पाठ् + तुमुन् = पाठयितुम्

नियम : जिस धातु की उपधा में इ और उ हो तो वहाँ भी गुण आदेश होता है।

इट् का आगम।

यदि उपधा में ऋ हो तो र् का आदेश होता है।

लिख् + तुमुन् = लेखितुम्

शुच् + तुमुन् = शोचितुम्

कुप् + तुमुन् = कोपितुम्र

दृश् + तुमुन् = द्रष्टुम्

मिल् + तुमुन् = मेलितुम्कु

विद् + तुमुन् = वेदितुम्

तृ + तुमुन् = तरितुम्

स्पृश् + तुमुन् = स्प्रष्टुम्

कृष् + तुमुन् = क्रष्टुम्

छिद् + तुमुन् = छेत्तुम्

अद् + तुमुन् = अत्तुम्

सिध् + तुमुन् = सेद्धुम्

क्रुध् + तुमुन् = क्रोद्धुम्

विश् + तुमुन् = वेष्टुम्

लिह + तुमुन् = लेढुम्

आ + रुह् + तुमुन् = आरोढुम्

नियम : निम्न धातुओं में इट् का आगम होता है।

क्रीड् + तुमुन् = क्रीड़ितुम्

पठ् + तुमुन् = पठितुम्

खाद् + तुमुन् = खादितुम्

धाव् + तुमुन् = धावितुम्

भ्रम् + तुमुन् = भ्रमितुम्

इष् + तुमुन् = एषितुम्

चल् + तुमुन् = चलितुम्

अर्च् + तुमुन् = अर्चितुम्

रक्ष + तुमुन् = रक्षितुम्

भाष् + तुमुन् = भाषितुम्

गर्ज + तुमुन् = गर्जितुम्

अर्ज + तुमुन् = अर्जितुम्

वद् + तुमुन् = वदितुम्

चर् + तुमुन् = चरितुम्

कूज् + तुमुन् = कूजितुम्

नश् + तुमुन् = नशितुम्

जीव् + तुमुन् = जीवितुम्

आस् + तुमुन् = असितुम्

भ्रम् + तुमुन् = भ्रमितुम्

ग्रह + तुमुन् = ग्रहीतुम्

सेव् + तुमुन् = सेवितुम्

रुद् + तुमुन् = रोदितुम्

क्रम् + तुमुन् = क्रमितुम्

शम् + तुमुन् = शमितुम्

यदि उपधा में ऋ हो तो र् का आदेश होता है।

(17) तल् प्रत्यय

• तल् प्रत्यय में त शेष रहता है। त के स्थान पर ता हो जाता है। इसके रूप लता के समान चलते हैं तथा इससे बना शब्द हमेशा स्त्रीलिंग होता है।

त + टाप्

त + आ = ता

त + आ

ता

तद्धितः

- भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए शब्द से तल् और त्व प्रत्यय होता है।

- समूह अर्थ में ग्राम, जन और बन्धु शब्दों के साथ तल् प्रत्यय लगाया जाता है।

ग्राम् + तल् = ग्रामत ग्रामत टाप् ग्रामता

बन्धु + तल् = बन्धुत बधुत + टाप् = बन्धुता

जन् + तल् = -जनत - - जनत + टाप् = जनता

कठिनता

सरलता

मधुता

लघुता

गुरुता

गज सहायाभ्यां चेति वक्तव्यम् :

समूह अर्थ में गज और सहाय शब्दों के साथ तल् प्रत्यय होता है।

गज + तल् = गजत + टाप् = गजता ✓

सहाय + तल् = सहाय + टाप् = सहायता ✓

तस्य भाव: त्व तलौ :

भाव अर्थ में पद के साथ त्व और तल् प्रत्यय होता है।

गो + तल् = गोत, गोत् + टाप् = गोता ✓

मनुष्य + तल् = मनुष्यत, मनुष्यत + टाप् = मनुष्यता

मानव + तल् = मानवत, मानवत + टाप् = मानवता

शिशु + तल् = शिशुत, शिशुत + टाप् = शिशुता

देव + तल् = देवत, देवत + टाप् = देवता

गुरु + तल् = गुरुत, गुरुत + टाप् = गुरुता

कृष्ण + तल् = कृष्णत, कृष्णत + टाप् = कृष्णता

कवि + तल् = कवित, कवित + टाप् = कविता

क्षुद्र + तल् = क्षुद्रत, क्षुद्रत + टाप् = क्षुद्रता

(18) मतुप् प्रत्यय (मत शेष)

• मतुप् प्रत्यय का अर्थ वाला या युक्त होता है, वह इसका है, अथवा इसमें है, इस अर्थ में प्रथमान्त पद से मतुप् प्रत्यय होता है।

इसके रूप पुंल्लिंग में भवत्, स्त्रीलिंग नदी, नपुं. जगत्, के समान चलते हैं।

रूपमत्

रूपवान्

रूपवती

रूपवत्य

मतुप् प्रत्यय का प्रयोग प्रथमान्त पद में होता है रूप, रस गन्ध आदि गुणवाचक शब्दों में होता है। किसी वस्तु की निन्दा, प्रशंसा, नित्ययोग, अधिकंता अथवा सम्बन्ध का ज्ञान कराने के लिए मतुप् प्रत्यय का प्रयोग होता है।

• **नियम :** जिस शब्द के अन्त में अ, आ लगा हो वहाँ म् के स्थान पर व का आदेश होता है, अर्थात् मत् के स्थान पर वत् आदेश होता है।

रूप + मतुप्

रूप + मत् मत् का वत् आदेश होगा।

रूप + वत् रूपवत् (नपु.) रूपवान् रूपवती

धन + मतुप् = धनवान्

स्नेह + मतुप् = स्नेहवान्

विद्या + मतुप् = विद्यावान्

गुण + मतुप् = गुणवान्

वृक्ष + मतुप् = वृक्षवान्

गंध + मतुप् = गंधवान्

माला + मतुप् = मालावान्

मत् - मान - मतुप्

वत् - वान वतुप्

वर्ण + मतुप् = वर्णवांन्म

स्पर्श + मतुप् = स्पर्शवान्

ज्ञान + मतुप् = ज्ञानवान्

बल + मतुप् = बलवान

फल + मतुप् = फलवान्

विशेष- यहाँ निम्न शब्दों में 'वत्' आदेश नहीं होता है।

यव + मतुप् = यवमानः

द्राक्षा + मतुप् = द्राक्षामानः

प्रकाश + मतुप् = प्रकाशमानः

• नियम : इ, उकारान्त शब्दों में मत् ही रहता है जिसका पुंल्लिंग मान् हो जाता है।

श्री + मतुप् = श्रीमत्

बुद्धि + मतुप् = बुद्धिमत्

गो + मतुप् =

धृति + मतुप् प् = धृतिमान्

कृमि + मतुप् = कृमिमान्

हनु + मतुप् = हनुमान्

मधु + मतुप् = मधुमान्

श्रीमान् श्रीमती श्रीमत्

बुद्धिमान्

गोमान् धी + मतुप् = धीमान्

उर्मि + मतुप् = उर्मिमान्

इक्षु + मतुप् = इक्षुमान्

भूमि + मतुप् = भूमिमान्

विशेष-

लक्ष्मी + मतुप् = लक्ष्मीवान्

शमी + मतुप् = शमीवान्

• नियम : रंगवाचक शब्दों में मतुप् प्रत्यय लगने पर मतुप् का पूर्णतः लोप हो जाता है और शब्द पुंल्लिंग राम जैसा बनता है।

कृष्ण + मतुप् = कृष्णः	कृष्णः	कृष्णा	कृष्णम्
शुक्ल + मतुप् = शुक्लः	शुक्लः	शुक्ला	शुक्लम्
पीतः + मतुप् = पीतः	पीतः	पीता	पीतम्
श्वेत + मतुप् = श्वेतः	श्वेतः	श्वेता	श्वेतम्

नियम : जिस शब्द के अन्त में म् हलन्त हो, तो वहाँ मतुप् का म का व आदेश हो जाता है।

किम् + मतुप् - किम् + मत् किम् + वत् = किंवत्

शम् + मतुप् = शंवत्

नियम : जिसकी उपधा में अ, आ हो वहाँ मत् = वान् आदेश होता है।

पयस् + मतुप् - पयस् + वान् = पयस्वान्

यशस् + मतुप् = यशस्वान्

भास् + मतुप् = भास्वान्

आयुस् + मतुप् = आयुस्मान्

गरुत् + मतुप् = गुरुत्मान्

नोट-

झयन्त : झय् प्रत्याहार का वर्ण है अन्त में जिसके वहाँ वान् ही आता है।

विद्युत् + मतुप् = विद्युत्वान्

तडित् + मतुप् = तडित्वान्

(19) तरप् प्रत्यय

तरप् प्रत्यय में 'तर' शेष रहता है।

सूत्र

द्विवचने विभज्योपपदे तरप्- ईयसुनौ :

दो में से एक का उत्कर्ष दिखाने के लिए तथा जिससे विभाग करना हो उसके उपपद रहने पर सुबन्त और तिङन्त के साथ तरप् और ईयसुन् प्रत्यय लगाये जाते हैं।

- दो में से एक को छांटने के लिए तरप् प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है तथा जिसमें छांटेंगे उसमें पंचमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।
- तरप् प्रत्यान्त शब्दों के रूप तीनों लिंगों में राम, रमा, फल के समान चलते हैं।

लघु + तरप् = लघुतरः	लघुतरा	लघुतरम्
गुरु + तरप् = गुरुतरः	गुरुतरा	गुरुतरम्
कृश + तरप् = कृशतरः	कृशतरा	कृशतरम्
दृढ + तरप् = दृढतरः	दृढतरा	दृढतरम्
मधुर + तरप् = मधुरतरः	मधुरतरा	मधुरतरम्
पटु + तरप् = पटुतरः	पटुतरा	पटुतरम्
कुशल + तरप् = कुशलतरः	कुशलतरा	कुशलतरम्
निपुण + तरप् = निपुणतरः	निपुणतरा	निपुणतरम्

श्रेष्ठ + तरप् = श्रेष्ठतरः   श्रेष्ठतरा   श्रेष्ठतरम्

निकृष्ट + तरप् = निकृष्टतरः   मुदु तरप् = मृदुतरः

जड + तरप् = जडतरः

(20) "तमप्- प्रत्यय"

तमप् प्रत्यय में 'तम' शेष रहता है।

सूत्र

• अतिशायने तमविष्ठनौ

दो या बहुतों में से एक की अतिशयता या विशिष्टता दिखाने के लिए तमप् प्रत्यय का प्रयोग होता है।

बहुतों में से एक को छांटने के लिए तमप् प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है तथा जिनमें से छांटेंगे उसमें षष्ठी या सप्तमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।

तमप् प्रत्यान्त शब्दों के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं।

गुरु + तमप् = गुरुतमः

निपुण + तमप् = निपुणतमः